
विचार–प्रवाह...सफलता पाने के लिए सुस्ती छोड़े युवा



देहरादून, शनिवार, 3 अगस्त 2019

# पेज थ्री

PAGE 3 PUBLICATION



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0°

37018.32

2 चीनी सरकार का नया फरमान

7 इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 284 पर समेटा

# केदारनाथ यात्रियों को नहीं होगी कैश की किल्लत

## केदारनाथ में खुला एचडीएफसी बैंक का एटीएम

**संवाददाता**

#æç;kxA केदारनाथ में आज तक एटीएम की कोई सुविधा नहीं थी। यात्रियों के पास पैंसे समाप्त होने की दिशा में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

यात्री और स्थानीय लोग पूर्व से ही केदारनाथ में एटीएम लगाने की मांग कर रहे थे। यात्रियों की दिक्कतों को देखते हुये प्रशासन ने केदारनाथ धाम में एटीएम मशीन लगाने के प्रयास शुरू किये। केदारसभा के अध्यक्ष विनोद शुक्ला, तीर्थ पुरोहित हिमांशु तिवारी, अंकुर शुक्ला आदि ने कहा कि प्रशासन की केदारनाथ धाम में एटीएम लगाने की अच्छी पहल है।




एटीएम मशीन स्थापित होने के अवसर पर बैंक कर्मचारी एवं केदारनाथ तीर्थ पुरोहित।

**एटीएम लगने से यात्रियों व स्थानीय लोगों में खुशी**

प्रशासन ने एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर केदारनाथ में एटीएम लगा दिया है। एटीएम लगने के बाद यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोगों में खुशी है। अब यात्रियों व स्थानीय लोगों को केदारनाथ में कैश को लेकर दिक्कतें नहीं होंगी। पैंसे समाप्त होने की दिशा में यात्रियों को केदारनाथ धाम में ही एटीएम से पैंसे मिल जाएंगे।

## देसंविवि के विद्यार्थियों ने ध्यान में लगाये गोते

संवाददाता हरिद्वार। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के मृत्युंजय सभागार में आयोजित विशेष ध्यान कक्षा को संबोधित करते हुए कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या ने नवप्रवेशी व पुरातन छात्र–छात्राओं को ध्यान के व्यावहारिक व सैद्धांतिक पक्षों की विस्तृत जानकारी दी।

कुलाधिपति ने उपस्थित छात्र–छात्राओं को ध्यान के माध्यम से स्थिरता, शांति, उर्द्धगामिता, प्रसन्नता व शीतलता की ओर प्रेरित किया। तो वहीं इसके साथ ही विराट की ओर अग्रसर होने के लिए धारण करने की क्षमता व निकट आने वालों को छाया प्रदान करने हेतु विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### बालगणना में 06–14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन लक्ष्य हो पूराः डीएम

**संवाददाता**

हरिद्वार। बालगणना हेतु जिला स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की बैठक जिलाधिकारी दीपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में कमेटी के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में गणना की प्रक्रिया, गणना में प्रयुक्त होने वाले प्रपत्र, पिछली गणना का सार, कार्ययोना आदि पर चर्चा की गयी। इस कार्य को बाल कार्यक्रमों और योजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संवेदनशीलता से लिया जाये और गणना को समयबद्ध तरीके पूर्ण कर शासन को अवगत कराया जाये।

### जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अस्पतालों का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

नैनीताल। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों ने सुबह 8.00 बजे से 9 बजे के मध्य जिले के विभिन्न अस्पतालों में औचक छापेमारी की। इस दौरान बीडी पाण्डे चिकित्सालय पुरूष/महिला, संयुक्त चिकित्सालय पदमपुरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैलपड़ाव, संयुक्त चिकित्सालय रामनगर, सीएचसी खैरना में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गयी छापेमारी के दौरान डॉक्टरों सहित 64 कर्मचारी नदारद पाये गये। इस दौरान जनपद के विभिन्न अस्पतालों में हड़कम्प मचा रहा।

# देहरादून व हरिद्वार के बदले एसएसपी

**संवाददाता**

**सेंथिल अबुदई कृष्ण राज एस को दुसरी बार मिली हरिद्वार की कमान**

हरिद्वार। शासन स्तर पर आज कई आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। इनमें देहरादून व हरिद्वार के एसएसपी बदल दिए गए। हरिद्वार में पूर्व में तैनात रहे सेंथिल अबुदई कृष्ण राज एस को फिर से एसएसपी की जिम्मेदारी दी गई है।

इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार देहरादून की एसएसपी निवेदिता कुकरेती को वहां से हटाकर पुलिस अधीक्षक अभिसूचना मुख्यालय देहरादून व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उत्तराखंड पावर कारपोरेशन सतर्कता की जिम्मेदारी दी गई है। उनके स्थान पर कई वर्ष पूर्व हरिद्वार के एसएसपी रहे व फिलहाल आईआरबी द्वितीय हरिद्वार के सेनानायक की जिम्मेदारी संभाल रहे अरुण मोहन जोशी को देहरादून का एसएसपी बनाया गया है।

हरिद्वार से जन्मेजय खंडूरी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला व आईआरबी दितीय का सेनानायक बनाया गया है। उनके स्थान पर यहां पूर्व में तैनात रहे सेंथिल अबुदई कृष्ण राज एस को एसएसपी बनाया गया है।

इसके अलावा पुलिस अधीक्षक बागेश्वर का पद संभाल रहे लोकेश्वर सिंह को पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय हल्द्वानी जबकि इस पद से प्रीति प्रियदर्शनी को पुलिस अधीक्षक बागेश्वर बनाया गया है। हरिद्वार में एसएसपी बनाए गए सेंथिल अबुदई कृष्ण राज एस की गिनती ईमानदार व सरल स्वभाव के अधिकारियों में की जाती है।

# काशीपुर क्षेत्र में 3 साल में बढ़े 60,633 मोटर वाहन

**संवाददाता**

**ए.आर.टी.ओ. काशीपुर ने नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ खुलासा**

देहरादून/काशीपुर,। अकेले कशीपुर क्षेत्र में पिछले तीन सालों में 60633 मोटर वाहनों की बढ़ोतरी हो गयी हैं। काशीपुर ए.आर.टी.ओ. कार्यालय द्वारा नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी गयी सूचना में यह चौकाने वाला तथ्य प्रकाश में आया है।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने काशीपुर ए.आर.टी.ओ कार्यालय से पिछले तीन वर्षों में रजिस्टर्ड वाहनों की संख्या की सूचना मांगी थी।

इसके उत्तर में काशीपुर ए.आर.टो.ओ. अनिता चन्द्र ने अपने पत्रांक 1359 दिनांक 23–07–2019 के साथ वर्ष 2016–17, 2017–18 तथा 2018–19 के वाहन रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी विवरणों की सत्यापित फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी हैं।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# लक्ष्मण झूला में निर्मित होने वाले पुल के निर्माण को 303.60 लाख की धनराशि

**संवाददाता**

देहरादून। अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री ओम प्रकाश ने बताया कि सेतु के निर्माण से पूर्व प्रथम चरण के प्रक्रियात्मक कार्यों जैसे भूमि एवं स्ट्रक्चर का प्रतिकर, विस्तृत सर्वेक्षण, डिजायन ड्राइंग तथा आदि कार्यों हेतु आगणन का गठन किया गया तथा शासन द्वारा आज 02 अगस्त को इन कार्यों हेतु रू. 303.60 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के कार्य पूर्ण होने के पश्चात सेतु के निर्माण से सम्बन्धित विस्तृत आगणन (डी.पी.आर.) शासन द्वारा स्वीकृत की जायेगी।